अध्याय 10

नूह के वंशज

अध्याय 10 में दी गई जानकारी आमतौर पर "जातियों की तालिका" (टेबल आफ़ नेशन) के नाम से जानी जाती है। इस तरह की अभिव्यक्ति में "तालिका या टेबल" शब्द का अर्थ लघु सूची या सारांश है। जो सूची यहाँ प्रस्तुत की गई है वह वास्तव में वंशावली है जो यह बताती है कि "जल प्रलय के बाद" नूह के पुत्रों का क्या हुआ (10:1, 32)। लेखक ने एक परिवार की वंशावली प्रस्तुत की है जिसकी तीन मुख्य शाखाएं थीं और जिनके मुखिया शेम, हाम, और येपेत थे। यह क्रम इस लेख (5:32; 6:10; 7:13; 9:18; 10:1), में सामान्य रूप से नज़र आता है, परंतु आगे प्रस्तुत वंशावली में क्रम को उलटा या औंधा किया गया है: येपेत (10:2-5), हाम (10:6-20), और शेम (10:21-31)।

नूह के पुत्रों की जिस क्रम से सूची बनाई गई है वह धर्म विज्ञान पर आधारित है न की कालक्रम के अनुसार (10:21 पर टिप्पणी देखें)। येपेत और उसके वंशज लेखक के लिए सबसे कम महत्वपूर्ण है, तब से, प्राचीन काल से इस्राएलियों का इनसे कम संबंध रहा है। सिर्फ़ तीन पीढ़ियों का वर्णन करते हुए उनको सबसे पहले और सबसे छोटे रूप या कम शब्दों में प्रस्तुत किया गया है।

आगे, हाम के वंशजों का वर्णन चार पीढ़ियों तक किया गया है क्योंकि वे बाइबल के इतिहास में हावी हुए और एक ऐसे राष्ट्र के रूप में उभरे जिसके साथ इस्राएल को संघर्ष करना पड़ा। इनमें सबसे आगे कनानी, मिस्री, और बेबीलोन थे।

अंततः शेम की वंशज आखिर में रखे गए है - इसलिए नहीं की वह नूह का सबसे छोटा पुत्र था (9:24 के अनुसार हाम ने उस जगह को ले लिया था), पर इसलिए की वह कुलपति नूह की सबसे महत्वपूर्ण संतान थी। उसके वंशजों का वर्णन छः पीढ़ियों तक पाया जाता है, क्योंकि अब्राहम भी इसी वंश में उत्पन्न होने वाला था; और उसके द्वारा इस्राएल राष्ट्र का निर्माण होना था।

जातियों की तालिका (टेबल आफ़ नेशन) चयनात्मक है न कि ऐसी जिसमें सब को मिला कर प्रस्तुत किया गया। इस अभिलेख में सत्तर नामों का वर्णन पाया जाता है (7 x 10), जो पूर्णता, समापन, और अखंडता[1] का प्रतीक है। यह संख्या इस बात का संकेत देती है कि नूह और उसके पुत्रों को दी गई आशीषें सारे जगत तक फैल गई (9:1, 19)। प्रतीकात्मक संख्या 70 तक पहुँचने के लिए लेखक चयनात्मक था इस बात का एक और संकेत, एबेर और उसके दो पुत्र पेलेग

और योक्तान से जुड़ा हुआ है। हालाँकि उसने योक्तान के तेरह पुत्रों का नाम लिखकर (10:25-29), उसने पेलेग के सभी वंशजों को अगले अध्याय के लिए बचाए रखा, जहाँ उसने उनको अब्राहम के समय से जोड़ा (11:18-26)।

पुराने समय के किसी भी साहित्य के समानांतर न होते हुए, जातियों की तालिका (टेबल आफ़ नेशन) प्राचीन काल में सबसे विशिष्ट और अद्वितीय है। अन्य बहुत से वृत्तांत, शहरों के ऐसे निर्माणकर्ता और राजाओं के नामों का वर्णन करते हैं, जो कथित रूप से हज़ार या दस हज़ार साल तक जीए। परन्तु, सब नहीं तो अधिकतर, यकीनन काल्पनिक है जो बाद की पीढ़ियों द्वारा इसलिए निर्मित किए गए ताकि मेसोपोटामिया शहर पर अपने शासक होने के अधिकार को वैध कर सकें और अपनी सभ्यता के लिए एक उत्तम अतीत का निर्माण कर सकें।

यह तालिका अपने भौगोलिक विस्तार के लिए भी उल्लेखनीय है। वह उत्तर की तरफ़ से काकेशस पर्वत तक और दक्खिन से अरेबियन पेनिन्सुला तक पहुँचता है। यह पूर्व में इरानी पठार से लेकर पश्चिम यूनान और संभवतः स्पेन तक फैला था, अगर यह वही जगह है जहाँ प्राचीन तर्शिश स्थित था।

तालिका में कुछ बदलाव करने के द्वारा आज के पाठकों के लिए कुछ चुनौतियाँ प्रस्तुत की गई हैं। इसके दी गई जानकारियों के उद्देश्य को आसानी से समझा नहीं जा सकता क्योंकि यह तालिका केवल व्यक्ति विशेष और उनसे वंशजों की सूची नहीं है। व्यक्तिगत नामों के अलावा, इसमें लोगों के नाम, जाति, नगर, राष्ट्रों, और उन जगहों के नाम भी शामिल है जहाँ कुछ विशेष तरह का समूह भी रहता है; एक नाम किसी व्यक्ति विशेष का नाम या भू राजनीतिक स्थिति भी हो सकती है।

इस सूची में बहुत से लोगों का समूह शामिल है, जिसमें “मदाई” जाति का नाम भी आया है, जो मादै (10:2) से सम्बन्धित है। बहुत से राष्ट्र जिनका उल्लेख सूची में पाया जाता है, उन सब में एक विशेष इब्रानी पुल्लिंग बहुवचन अंत है ים *(-इम)*: “कित्तिम,” “लूदिम,” “कैफ्टोरिम,” और इसके आग (10:4, 13, 14)। अन्य लोगों के नामों की पहचान इब्रानी में जेंटीलिक अंत से की गई है, ִי *(-ई)*, हिंदी में भी अधिकतर इसी प्रकार अंत होता है जैसे, यबूसी, एमोरी, गिर्गाशी, हिब्बी, और कनानी (10:16-18)। जगहों के नाम भी सम्मलित है: “बाबुल” (बेबीलोन), “नीनवे” और अन्य (10:10-12)।[2]

जैसे की अध्याय 5 की वंशावली में जब लेखक “के पुत्र” या “और उसका पिता हुआ” जैसे शब्दों का ज़िक्र करता है, तो जरूरी नहीं कि इस तरह की अभिव्यक्ति निकटतम पिता/पुत्र के संबंध की तरह संकेत दे रही हो। कभी-कभी इसका अर्थ यह भी होता है कि एक वरिष्ठ या विशिष्ट व्यक्ति लोगों, जाति, या राष्ट्र का “पिता” (पूर्वज) था और यह सभी उसके “पुत्र” कहलाते थे क्योंकि वे एक समय अवधि से उससे ही निकले है।[3] इसके बहुत से उदाहरण दिए गए होंगे, परंतु दो ही पर्याप्त होंगे। “मदाई,” मादै (10:2), येपेत के वंशज जो महान मेसोपोटामिया घाटी के उत्तर पूर्वीय इलाकों में बसे। वैसे ही “मिज्राइम” इब्रानी में द्विवाचक शब्द है: हाम का पुत्र इसी नाम से बुलाया जाता था (10:6), पर

इसका अर्थ "मिस्र" भी है, जो कभी-कभी "हाम की भूमि" नाम से भी जाना जाता था (भजन 105:23, 27)। यह उन दो संवैधानिक विभाजन का संकेत देता है जहाँ मिस्री लोग रहते थे: "ऊपरी मिस्र (दक्खिन मिस्र) और निचला मिस्र (डेल्टा/नदी मुख भूमि)।"[4]

तालिका की अन्य विशेषताएं अस्पष्ट है। येपेत के वंशज मुख्य रूप से कनान (बाद का इस्राएल और फिलिस्तीन) के उत्तर और पश्चिम में बसे, जबकि जो लोग हाम के वंश के थे वे कनान के दक्षिण में रहे और शेम की संतान ने कनान के पूर्वी इलाकों पर अधिकार कर किया। फिर भी कुछ अतिव्यापी सूची में दिखाई पड़ती है, क्योंकि हवीला (10:7, 29), शबा (10:7, 28), और लूदी (10:13, 22) हाम और शेम दोनों के अंतर्गत शामिल किए गए है। एक स्पष्टीकरण जो दिया जाता है वह यह है कि एक पुत्र के वंशज आरंभिक समय में किसी विशेष देश पर अपना अधिकार किया होगा और बाद में किसी अन्य पुत्र की संतान के द्वारा उस जगह से निकाले गए होंगे। जैसा की अन्य वंशावली में स्पष्ट है, हाम और शेम की कुछ संतानों के नाम एक सामान हो सकते हैं; और कुछ समय के लिए शायद एक जैसे नाम वाले लोग भी उस देश में रहे होंगे। ज़रूरी नहीं कि ये लोग समकालीन हो। अलग-अलग समूह के लोग अलग-अलग समय काल में संपन्नता से रहे होंगे।

जातियों की तालिका (टेबल आफ़ नेशन) में भौगोलिक क्षेत्रों की व्यवस्था पर ज़ोर दिया गया है। जहाज़ छोड़ने के बाद, नूह और उसके परिवार ने "पृथ्वी को भरना" शुरु किया जैसा परमेश्वर की योजना थी (9:1), और पूरे पूर्वी गोलार्ध से पलायन कर गए। (समान वंशावली सूची के लिए देखें 1 इतिहास 1:4-23)

नूह की वंशावली का परिचय (10:1)

[1]नूह के पुत्र जो शेम, हाम और येपेत थे उनके पुत्र जलप्रलय के पश्चात उत्पन्न हुए: उनकी वंशावली यह है।

आयत 1. जैसा कि हमने पहले भी देखा है, लेखक **नूह** की वंशावली वृत्तांत תּוֹלְדוֹת *(टोलडोथ)* की शुरुवात उसके पुत्र और उन संतानों से करता है जो **जल प्रलय के बाद उससे उत्पन्न हुए थे**। यह रिकार्ड न केवल **शेम**, **हाम**, **और येपेत** के सामान्य क्रम को उलट देता है (देखें 10:2, 6, 21), पर बाबुल की मीनार की घटना को बीच में (10:21-31; 11:10-26) रख कर यह शेम की वंशावली के दो वृत्तांत को अलग भी करता है (11:1-9)। यह इस बात का संकेत देता है कि शेम की संतान, और हाम और येपेत की संतान भी, जातियों के बिखराव का हिस्सा थीं जो बाबुल की मीनार "जिसकी चोटी आकाश से बातें करें" (11:4) बनाने का असफल प्रयास करने के दौरान हुआ था।

येपेत के पुत्र (10:2-5)

[2]येपेत के पुत्र: गोमेर, मागोग, मादै, यावान, तूबल, मेशेक, और तीरास हुए।

[3]और गोमेर के पुत्र: अशकनज, रीपत, और तोगर्मा हुए। [4]और यावान के वंश में एलीशा, और तर्शीश, और कित्ती, और दोदानी लोग हुए। [5]इनके वंश अन्यजातियों के द्वीपों के देशों में ऐसे बंट गए, कि वे भिन्न भाषाओं, कुलों, और जातियों के अनुसार अलग हो गए।

आयत 2. नूह के परिवार का अभिलेख **येपेत** के वंशज से प्रारंभ होता है, जिसके जन्म का क्रम विवादग्रस्त है (देखें टिप्पणियों को 10:21)। निश्चय ही 9:27 में दी गई नूह की आशीषों को बनाए रखने के लिए येपेत के घराने को बढ़ाया गया था।

अध्याय 5 में की गई चर्चा में देखा गया था, संख्या "7" और उसके गुणज उत्पत्ति के लेखक और बाइबल के अन्य लेखकों द्वारा वंशावली प्रस्तुत करने के लिए महत्वपूर्ण थे। ये बात जातियों की तालिका में भी सत्य है, जिसमें कुल सत्तर नामों को सम्मिलित किया गया है (7 x 10)। लेखक ने सर्वप्रथम येपेत के सात पुत्रों को सूची में शामिल किया है; परंतु उनसे निकली पीढ़ियों में, गोमेर से केवल तीन पोतें और यावान से चार पोतों का उल्लेख है। येपेत के अन्य पाँच पुत्रों के पुत्र या किसी भी पोते का कोई उल्लेख नहीं पाया जाता है; इसलिए तालिका में उपस्थित उसके वंशज की संख्या कुल चौदह में सीमित है (7 पुत्र + 7 पोते = 14)।[5]

येपेत का प्रथम पुत्र **गोमेर** था। यहेजकेल 38:6 में उसके नाम का ज़िक्र स्पष्टता से उन लोगों की पहचान के रूप में आता है, जिन्हें *अश्शूर* के लोग *गिमिर्रय* (सिम्मेरियंस) कहते थे। ये इंडो-यूरोप मूल के लोग बहुत शक्तिशाली लोग थे। उन्होंने आठवीं शताब्दी ई.पू में काकेशस पर्वत के क्षेत्र का पूरी तरह से सफाया कर दिया और *अश्शूर* के साम्राज्य के लिए जो उस दौरान मेसोपोटामिया से पश्चिम की तरफ़ पैर पसार रहा था, उनके लिए खतरा बन गए। वे अंत में पूर्वी एशिया माइनर (कप्पदुकिया) में बस गए।

मागोग की पहचान के विषय कुछ भी निश्चित तौर पर नहीं कहा जा सकता; परंतु उसका भी नाम मेशेक और तूबल के साथ सूची में आया है, उत्तर इस्राएल के शत्रु के रूप में (यहेज. 38:1-6; 39:1-6)। उनकी सेना तोगर्मा से भी सम्बंधित रही है यहेजकेल 38:6 के अनुसार। उनके राजा गोग ने लीडिया में राज्य किया (685-652 ई.पू.), एक ऐसा क्षेत्र पश्चिम एशिया माइनर के एजियन तट से लगा हुआ है। वह यूनानियों के द्वारा गायजेस के नाम से और अश्शूरियों के द्वारा गुगु नाम से जाना जाता था। इसलिए येपेत के वंशज प्रमाणित रूप से, उनसे जो गोमेर से निकले थे, थोड़ी दूर में जा कर बसे।

नाम **मादै**, अगले पुत्र का नाम, राष्ट्र पद नाम "मेदेस" में प्रतिबिंबित है (2 राजा 17:6; एस्तेर 1:3; याशा. 13:17; यिर्म. 25:25; दानिय्येल 8:20; 9:1)। यह इंडो-यूरोप मूल के लोगों का एक अन्य समूह था जो ईरानी पठार में बस गया था तकरीबन दूसरे सहस्राब्दी ईसा पूर्व के अंत में। यह नौवीं शताब्दी

ईसा पूर्व से अश्शूर के अभिलेखों में दर्ज है। जो उतारी ईरान के बिखरे हुए मध्य रेखा समझौते के विरुद्ध शाल्मानेसर के आक्रमण का वर्णन करता है।[6]

यावान एक प्राचीन यूनानी जाति से जुड़ा हुआ है, जिसका नाम है आयोनियन, जो प्राथमिक रूप से एशिया माइनर के पश्चिमी तट की तरफ़ संकेत करता है, भले ही बाद में वृद्ध एगियन क्षेत्र की तरफ़ भी। आयोनियन व्यापारी सोर के फिनिकी लोगों और भू मध्यसागर के आस पास के अन्य लोगों के साथ व्यापार करके समृद्ध और संपन्न हो गए थे (यहेज. 27:2, 13)। दानिय्येल की भविष्यवाणी तक, यावान एक ऐसा नाम बन गया था जिससे यूनानियों की पहचान थी (दानिय्येल 8:21; 10:20; 11:2)। जकर्याह ने उनके खिलाफ भविष्यवाणी की थी (जकर्याह 9:13)।

तबूल और **मेशेक** इब्रानी धर्म ग्रंथ आमतौर पर एक साथ ही नज़र आते हैं (यशा. 66:19; यहेज. 27:13; 32:26; 38:2, 3; 39:1)। ये उन लोगों का प्रतिनिधित्व करता है जो, मध्य और पूर्वी एशिया माइनर में काले समुद्र के दक्षिण इलाकों में रहते थे। "तबूल" अकसर अक्कादियन ताबल, और "मेशेक" *मुशकी* के साथ जोड़ा जाता रहा है, दोनों अश्शूर के शत्रु थे और इस बात का ज़िक्र उनके लेखों में भी पाया जाता है।

पुराने नियम में उत्पत्ति 10:2 और 1 इतिहास 1:5 दो ऐसे बाइबल के अंश है जो **तीरास** के विषय में प्रकाश डालते हैं। कुछ इसे प्राचीन थ्रास बाल्कान पेनिनसुला, जो आज का उत्तर पूर्वीय यूनान, दक्षिण बुल्गारिया, और यूरोप तुर्की से सम्बन्धित है; फिर भी कुछ लोग इसे एट्रस्केन्स, जिसने इटली में स्वयं को आठवीं शताब्दी ईसा पूर्व में दृढ़ता से स्थापित किया था।

आयत 3. सूची में अगले स्थान पर **गोमेर के पुत्रों** का वर्णन है, जिसमें **अशकनज** प्रथम स्थान पर है। यिर्मयाह 51:27 में, परमेश्वर ने यिर्मयाह को यह आदेश दिया कि वह बेबीलोन पर चढ़ाई करने के लिए अशकनज, अरारात और मिन्नी को बुलाये। जो लोग "अशकनज" कहलाते थे, वे आमतौर पर *अशकुजा* (प्राचीन सिंथियंस) अर्मेनिआ क्षेत्र के जो पहले सोवियत यूनियन कहलाता था, के समान थे। यिर्मयाह की भविष्यवाणी के तकरीबन एक शताब्दी पूर्व, उनका उल्लेख अक्कादियन मूलग्रन्थ में अश्शूर के विरुद्ध युद्ध में मिन्नी के मित्रराष्ट्र के रूप में आता है।

रिफात 1 इतिहास 1:6 में दीपत कहलाता है। प्राचीन हस्तलिपि प्रमाण इस नाम में बहुत दृढत से "द" की जगह "र" का समर्थन करता है। इब्रानी अक्षर *रेश* (ר) बहुत हद तक *दालेथ* (ד) के सदृश होता है, और यह सम्भव है की नक़ल करते हुए शास्त्रियों से पढ़ने में गलती हुई होगी। "रिफात" किसी भी अन्य प्राचीन पूर्वीय मूलग्रन्थ में नहीं पाया जाता है। जोसेफस इसे पाफ्लागोनियंस[7] के तुल्य देखते है जो काले सागर के दक्षिण तट पर बेतनिय्याह में रहता था: पर उन्होंने इस एकीकरण के लिए किसी प्रकार का कोई आधार प्रस्तुत नहीं किया।

यहेजकेल 27:13, 14; 38:3-6 में, **तोगरमाह** जावन, मेशेक, तूबल और गोमेर से संबद्ध है। प्राचीन अश्शूर और हित्ती मूलग्रन्थ में एक शहर और उसके

आस पास के इलाकों का उल्लेख आया है जो *तेग्रामा* कहलाता है। यह चार्खिमिश के उत्तर उपरी हल्यस और फरात नदी के मध्य में स्थित है। पुनः यह गोमेर के वंशज के भौगोलिक क्षेत्र के करीब है, पर इनकी पहचान अनिश्चित है।

आयत 4. तालिका **यावान के** चार **पुत्रों** के साथ आगे बढती है। पहला पुत्र एलिशा (देखें यहेज. 27:7) था जिसे कुछ मानते है कि वह *अलाशिया* के जैसा था। यह नाम, प्राचीन मिस्र के टेल एल-अमारना की पटलिका में साइप्रस द्वीप के लिए इस्तेमाल होता है (लगभग पन्द्रह शताब्दी ईसा पूर्व)।

पुराने नियम में, **तार्शिश** का ज़िक्र एक दूर दराज़ बंदरगाह के रूप में आया है जिसमें, भू मध्यसागर के पश्चिम की तरफ़ यात्रा करके पहुंचा जा सकता है (देखें योना 1:3; 4:2)। यह शायद स्पेन का प्राचीन टारटेस्सस शहर भी हो सकता है, जहाँ फिनीकी खानों और व्यापारों का शहर था (देखें भजन 72:10; यशा. 23:1, 6, 10; 66:19; यिर्म. 10:9; यहेज. 27:12)। कुछ लोग इसे कोई दूसरा तार्शिश कहते हैं। सुलैमान और उसके बाद के राजाओं ने पश्चिम इजायन-गेबेर से लाल समुद्र, अरब और अफ्रिका के तट तक व्यापार के करने के लिए जहाज़ भेजे। (1 राजा 10:22; 22:48; 2 इतिहास 9:21; 20:36, 37)। हालांकि जो तार्शीश कनान के पश्चिम (बाद का इस्राएल) और फिनीकी, भू मध्य सागर के पार और पिछले "समुद्री तट" (10:5; "समुद्री तट और द्वीप"; NEB) पर था वही बेहतर चुनाव नज़र आता है। यह विशेषकर सही इसलिए भी है क्योंकि उत्पत्ति का लेखक यावान के वंशजों का वर्णन कर रहा था, उनमें से बहुत से एशिया माइनर के समुद्री तट और बाल्कान पेनिनसुला साथ ही साथ भू मध्य सागर और एजीएन समुद्र के साथ-साथ बस गए थे।

कित्ती से शायद कितीअन नगर की ओर संकेत करता है, जिसका उल्लेख प्राचीन फिनीकी अभिलेखों में किया गया है। इसका टूटा फूटा भाग साइप्रस के टापू पर लरनाका के आधुनिक नगर के पास पाया जाता है। जैसे भी, बीतते समय के साथ इस नगर का नाम प्रमाणित रूप से सारे प्रदेश क्षेत्र के लिए उपाधि बन गया था, क्योंकि पुराने नियम में इससे सम्बन्धित पाए जाने वाले सभी अन्य उल्लेख शहरों के बजाय जगहों और लोगों का ही वर्णन करते हैं (गिनती 24:24; यशा. 23:1; यिर्म. 2:10; यहेज. 27:6; दानिय्येल 11:30)।

यावान के पुत्रों के संबंध में जो आखिरी नाम दिया गया ही वह **दोदानिम** है। हालांकि अधिकांश इब्रानी हस्तलेखों में इसी तरह से लिखा हुआ है, परंतु सामरी व्यवस्था की पुस्तक, LXX (इब्रानी बाइबल का यूनानी अनुवाद), और 1 इतिहास 1:7 में प्रस्तुत सामान्तर वाक्य "रोदानिम" है। एक बार फिर, लिपिकीय दुविधा संभवतः इब्रानी अक्षर *रेश* (ר) और *दालेथ* (ד) के मध्य पायी जाने वाली समानता के कारण उत्पन्न हुई है। इस स्थिति में, "दोदनिम" की जगह "रोदानिम" का चुनाव करना ही बेहतर होगा; और अगर वह सही है तो, यह जगह शायद रोहदेस का यूनान द्वीप है जो एशिया माइनर के दक्षिण और पश्चिम तट पर स्थित है। यदि "दोदानिम" पर ही कायम रहें तो हमारे पास इस स्थान के विषय में कोई सटीक या निश्चित ज्ञान नहीं है।

आयत 5. इस आयत में लिखा कथन, आयत 20 और 31 में प्रस्तुत शेम और हाम के पुत्रों के विषय में दिए गए अंतिम टिप्पणी के समान है। यहाँ पर लेखक अध्याय 10:32 के आखिरी शब्दों का पूर्वानुमान लगा रहा है। यह अंतिम विचार येपेत और उसके पुत्रों पर भी लागू होना चाहिए (10:2) सिर्फ़ यावान के पुत्रों पर नहीं (10:4)। यह टिप्पणी कि इनसे [येपेत के वंशज) **जातियों के समुद्री तट अलग-अलग हो गए थे**, इस बात का संकेत देता है कि यह लोग, ज़्यादातर जगहों के लिए, पितृसत्तात्मक काल के दौरान इसहाक और याकूब के द्वारा उत्पन्न अब्राहम और उसकी संतानों के सीधे संपर्क से अति दूर कर दिए गए थे। आगे लेखक कहता है, जो येपेत से निकले थे वे **अपनी भूमि में, अपने राष्ट्र में ही अपनी भाषा के अनुसार और अपने परिवार के आधार पर अलग-अलग कर दिए गए थे।** यह स्पष्ट रूप से उस आंदोलन से सम्बन्धित है जहाँ लोग शहर और बाबुल की मीनार की घटना के बाद अलग-अलग भाषा के समूह में तितर बितर हो गए थे 11:1-9.

हाम के पुत्र (10:6-20)

6फिर हाम के पुत्र: कूश, और मिस्र, और फूत और कनान हुए। 7और कूश के पुत्र सबा, हवीला, सबता, रामा, और सबूतका हुए: और रामा के पुत्र शबा और ददान हुए। 8और कूश के वंश में निम्रोद भी हुआ; पृथ्वी पर पहिला वीर वही हुआ है। 9वही यहोवा की दृष्टि में पराक्रमी शिकार खेलने वाला ठहरा, इस से यह कहावत चल पड़ी; कि निम्रोद के समान यहोवा की दृष्टि में पराक्रमी शिकार खेलने वाला। 10और उसके राज्य का आरम्भ शिनार देश में बाबुल, अक्कद, और कलने हुआ। 11उस देश से वह निकल कर अश्शूर को गया, और नीनवे, रहोबोतीर, और कालह को, 12और नीनवे और कालह के बीच रेसेन है, उसे भी बसाया, बड़ा नगर यही है। 13और मिस्र के वंश में लूदी, अनामी, लहाबी, नप्तूही, 14और पत्रुसी, कसलूही, और कप्तोरी लोग हुए, कसलूहियों में से तो पलिश्ती लोग निकले। 15फिर कनान के वंश में उसका ज्येष्ठ सीदोन, तब हित्त, 16और यबूसी, एमोरी, गिर्गाशी, 17हिव्वी, अर्की, सीनी, 18अर्वदी, समारी, और हमाती लोग भी हुए: फिर कनानियों के कुल भी फैल गए। 19और कनानियों का सिवाना सीदोन से ले कर गरार के मार्ग से हो कर अज्जा तक और फिर सदोम और अमोरा और अदमा और सबोयीम के मार्ग से हो कर लाशा तक हुआ। 20हाम के वंश में ये ही हुए; और ये भिन्न कुलों, भाषाओं, देशों, और जातियों के अनुसार अलग हो गए।

आयत 6. इस आयत से **हाम** के वंशजों का वर्णन पाया जाता है। हाम के पुत्रों की सूची भी ठीक उसी तरह से आरम्भ होती है जैसे 10:2 में येपेत के वंशजों का पाया जाता है, परंतु हाम के पुत्रों का वर्णन उनके दक्षिण से उत्तर तक के बसने के आधार पर सूचीबद्ध किया गया है।

सूची की शुरुवात एक पुत्र और भौगोलिक क्षेत्र **कूश** के नाम से होती है, जो LXX के अनुसार परंपरागत रूप से इसका सम्बन्ध इथियोपिया से है (देखें यशा. 18:1; यिर्म.13:23; यहेज. 29:10; सप. 3:10)। प्राचीन काल में इथियोपिया उस इलाके में स्थित था जो आज सूडान का उत्तरी क्षेत्र है। प्राचीन यूनानी लेखक नूबिया को "कूश" कहते थे जो एक आम शब्द था जो मिस्रियों द्वारा मिस्र के दक्षिण इलाकों के लिए इस्तेमाल किया जाता था, नील नदी के दूसरे और तीसरे जल प्रताप के बीच में स्थित था।[8] 10:7-12 में प्रस्तुत जातियों की तालिका एक अरेबियन कुश और कससाईट कुश को स्वीकारतें हुए दिखाई दे रहा है बाद का एक राष्ट्र हुआ जिसने प्राचीन बेबीलोन और अश्शूर पर राज्य किया। इस तरह पहले के कूश के निवासी अरब और मेसोपोटामिया में रहते होंगे और हाम के बाद के वंशज उत्तर पूर्वी अफ्रीका (इथोपिया) में लाल समुद्र के पार जा बसे होंगे।

मिज़रेम वास्तव में पुराने नियम में मिस्र के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला इब्रानी शब्द है। यह अपने अभिरूप में दोहरा है क्योंकि मिस्र को दो भागों के रूप में देखा जाता था: ऊपरी मिस्र और निचला मिस्र।

पूत को पहचानना कठिन था। यिर्मयाह "इथोपिया और पूत के लोगों को ढाल पकड़ने वाले" कहता है (यिर्म. 46:9), और यहेजकेल "इथोपिया, पूत, लूद, सरे अरब [और] लीबिया" को एक साथ जुड़ा हुआ मानता है (यहेज. 30:5)। यह सभी लेख पूत को पश्चिमी अरब के या उत्तर पूर्व अफ्रिका से जोड़ता है, और यह आज के सन्दर्भ का हाल लगता है। दूसरी तरफ़ यहेजकेल 38:5 पूत का फारस और इथियोपिया (कुश) के साथ ज़िक्र करता है। फारस के साथ संबंध संभवतः मेसोपोटामिया कुश की तरफ़ संकेत देता है, पूत का इस इलाके में होना ज़्यादा सही लगता है बजाय अरब या अफ्रिका के।

हाम का अंतिम पुत्र **कनान** था, ऐसा नाम जो बहुत सी जातियों या प्रजाति के लोगों का उल्लेख करता है (यहेज. 16:3) जो पवित्र शास्त्र में बताये गए भौगोलिक क्षेत्र "कनान का देश" में बसे हुए थे। निःसंदेह यह वही देश है जिसे परमेश्वर ने अब्राहम और उसकी संतान को देने की प्रतिज्ञा ही थी (12:1, 5; 13:7; 15:18-21; 17:8)। अंततः वह इस्राएलियों द्वारा अपने अधिकार में कर लिया गया और वह इस्राएल का देश बन गया (बाद में "पलिश्ती" कहलाया)।

आयत 7. कूश के पुत्र शबा (देखें भजन 72:10; यशा. 43:3; 45:14), **हबिला**, **सबता**, **रामा** (देखें यहेज. 27:22), और **सबूतका** थे। हम इन पुरुषों के विषय कुछ भी नहीं जानते, सिवाय इसके कि यह लोग इस सन्दर्भ में अफ्रिका या अरब के लोगों के साथ या क्षेत्र के साथ सम्बंधित है।

रमा के पुत्रों में **प्रथम शेबा** था। एक प्राचीन लेख दक्षिण पश्चिमी अरब में उस नाम से एक शहर का ज़िक्र करता है, जो शायद वह इलाका हो सकता है जो यमन कहलाता है। शायद यह क्षेत्र शीबा की रानी के द्वारा शासित राज्य का सामान्य स्थान था, क्योंकि अश्शूर के अभिलेखों के द्वारा यह जाना गया है कि जो रानी वहां शासन करती थी वह बहुत से सोने, लोबान, मणि, मसाले, और

सुगन्धित लकड़ी लेकर चलती थी (1 राजा 10:1, 2, 10; यशा. 60:6; यिर्म. 6:20; यहेज. 27:22)।

इसी तरह **दादान** भी एक महत्वपूर्ण व्यापार के काफिले का केंद्र था उत्तर अरब के पार (यशा. 21:13; यहेज. 27:15)। और उसके व्यापारी सोर के तटों से लाभदायक व्यापार करते थे (यहेज. 27:15), उसके सौदागर भू मध्य सागर के पार से दूर-दूर तक सामान ले जाया करते थे।

यहाँ पर एक प्रश्न भी खड़ा होता है क्योंकि उत्पत्ति 10:6, 7 शबा और दादान की गिनती हाम के पुत्रों में करता है, जबकि उत्पत्ति 25:3 और 1 इतिहास 1:32 शबा और दादान का ज़िक्र अब्राहम और कस्तुरा के पोते जो शेम से उत्पन्न हुए थे के रूप में करता है (11:10-26)। कुछ लोग ऐसा मानते है कि नूह के दो पुत्रों के वंशजों के नाम में समानताएं दोहराने की गलती होने का उदाहरण है; फिर भी आरम्भ से अलग किए लोग जो एक दूसरे से करीबी से जुड़े हुए थे उनके नामों की पुनरावृत्ति या दोहराया जाना कोई अनोखी घटना नहीं है।[9]

आयत 8. इस वंशावली में आगे एक छोटी सी कहानी बताई गई है, जो इसकी शैली को, इस सूची में दर्ज किए गए आरंभिक लोगों की शैली से अलग करती है। **कूश** के पाँच पुत्र और दो पोतों का नाम पहले से सूची में दर्ज है, पर अब लेखक पीछे जाकर कूश के छठवें पुत्र का परिचय देता है जिसका नाम **निम्रोद** था। जैसा कि पहले भी देखा गया है कि, यदि किसी व्यक्ति विशेष को और वह उसका **पिता हुआ** या "उसका पुत्र हुआ" इस तरह से संबोधित किया जाता है तो इसका हर बार यह अर्थ नहीं है कि उनका निकटतम अभिभावक और बच्चे का संबंध है; कभी-कभी इसका आसन मतलब यही होता है कि वह व्यक्ति उसका पूर्वज हो और संभवतः "पुत्र" से सात पीढ़ी पहले या (वंशज)। "निम्रोद" का मामला भी कुछ ऐसा ही रहा होगा।

निम्रोद का वर्णन **एक वीर के रूप में** किया गया है גִּבּוֹר *(गिब्बोर)* या पृथ्वी पर "वीर योद्धा" (NIV; NRSV)। हो सकता है कि लेखक उसे 6:4, 5, 11 में वर्णित "दानव" से जोड़ना चाह रहा हो, जिनके उपद्रव के कारण जल प्रलय हुआ। क्योंकि यह शब्द *(गिब्बोर)* उत्पत्ति में केवल इन ही दो जगहों पर पाए जाते हैं। यह भी संभव है की लेखक ने निम्रोद को प्राचीन पूर्वी राजाओं का प्रारूप मान रहा हो जो क्रोध में लोगों को उजाड़ देते हैं।

आयत 9. आगे **निम्रोद** को **परमेश्वर के सामने एक शूरवीर शिकारी** के रूप में वर्णन किया गया है। उसे प्राचीन देवताओं या अश्शूर, बाबुल, या मिस्र के शासकों के साथ पहचानने के लिए कई प्रयास किए जा चुके हैं, परन्तु अभी तक किसी भी तरह का निष्कर्ष विचाराधीन है। फिर भी, प्राचीन निकटवर्ती पूर्वी राजाओं को अक्सर अपने कौशल का प्रदर्शन के रूप में जंगली जानवरों का शिकार करते हुए चित्रित किया गया है। भयंकर जानवरों के विनाश को उनके साहस और किसी भी शत्रु को नष्ट करने की क्षमता के प्रमाण के रूप में देखा गया था जिनसे उनके शासनकाल को खतरा पहुंचने की संभावना थी। इसके अलावा,

शिकार करने के निम्रोद के कौशल के संदर्भ में "परमेश्वर के सामने" होने के रूप में यह संकेत मिलता है कि लेखक यहोवा के सामने उसकी इस क्षमता को रखता है। हालांकि इसका मतलब यह नहीं है कि निम्रोद या अन्य राजाओं ने जो कुछ भी इतिहास में किया है परमेश्वर ने सब कुछ की मंजूरी दे दी हो, फिर भी यह हमें याद दिलाता है कि जो भी सामर्थ्य उन्हें शासन करने के लिए मिली थी वह परमेश्वर द्वारा दिया गया एक उपहार था। बाइबल में जगह-जगह पर, यहोवा ने अपने उद्देश्यों को पूरा करने के लिए राजाओं को नियुक्त किया, और जब भी उन्होंने नेतृत्व करने के अपने दान को गलत ढंग से प्रयोग किया तो उन्हें ज़िम्मेदार भी ठहराया।[10]

आयत 10. निम्रोद के **राज्य** के प्रमुख नगर शिनार नामक देश में स्थित थे, जिसे बाइबल में दक्षिणी मेसोपोटामिया के प्राचीन **सुमेर** (या बाबुल) के **क्षेत्र के रूप में** पुकारा गया है।

पहला नगर **बाबेल** ("बेबीलोन"; NIV) जिसे सूचीबद्ध किया गया है, वह फरात नदी से लगभग पचास मील दक्षिण की दूरी पर आधुनिक बगदाद में स्थित था। यदि 11:1-9 में बाबेल की मीनार की कहानी के विषय में विचार किया जाए तो, बाबुल इस सूची में सबसे प्रमुख है।[11]

सुमेरियों के लिए **एरेक** (आधुनिक वर्का) उरु (या उरुग) का एक महत्वपूर्ण नगर था और उरुक बेबीलोन के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण नगर था। यह लगभग 150 मील की दूरी पर बगदाद के दक्षिण में स्थित है।

अक्कद जिसे अगादे ही माना जाता है, लेकिन नगर की सटीक स्थान की खोज अभी तक नहीं की जा सकी है। अक्कद जिसका नाम प्राचीन अकादिनी भाषा से आया है और जिसे सारगोन प्रथम ने अपनी राजधानी बनाया था, जिसने 2350 ई.पू. उत्तरी मेसोपोटामिया में एक शक्तिशाली सामी राजवंश की स्थापना की थी।

हालांकि **कलनेह** की पहचान अनिश्चित है, लेकिन इसी नाम के एक नगर का वर्णन अमोस 6:2 में मिलता है। दो अलग अलग नगर आम तौर से चर्चा के विषय हो सकते हैं क्योंकि नबी ने उत्तरी सीरिया के शहरों के बारे में लिखा है, जिन्हें अश्शुरियों ने जीत लिया था, जबकि उत्पत्ति में दिया गया वर्णन सुमेर और दक्षिणी बेबिलोन के शहरों पर ध्यान केंद्रित करता है। आज तक इस नाम का कोई भी नगर इन शहरों में नहीं ढूँढा जा सका है।

आयतें 11, 12. शिनार **देश** से निम्रोद आगे אַשּׁוּר *(अश्शूर)* **को चला गया।** इब्रानी नाम "अश्शूर" या तो अश्शूर के देश के लिए प्रयोग किया जा सकता है या फिर अश्शूर के एक नगर के लिए जो एक समय उस देश की राजधानी थी। यहाँ पर निम्रोद द्वारा अश्शूर में महत्वपूर्ण शहरों का निर्माण किए जाने का वर्णन है, और इस विचार के अनुसार अश्शूर को मीका के संदर्भ में "निम्रोद की भूमि" के रूप में जाना गया है (मीका 5:6)। मेसोपोटामिया के उत्तर से दक्षिण के क्षेत्र के भौगोलिक विस्तार के लिए सुमेरियन संस्कृति में निम्रोद के वंशजों के विषय में हमें प्राचीन कीलाकार लेखन से पता चलता है।

निम्रोद उत्तरी टिगरिस महानद घाटी में "अश्शूर में आगे बढ़ गया," और उसने अपने महत्वपूर्ण शहरों का निर्माण किया। **नीनवे** को, जिसका उल्लेख पहले किया गया है, टिगरिस नदी के पूर्वी किनारे पर बसाया गया था। आधुनिक मोसुल पश्चिम में नदी के दूसरी तरफ़ पड़ता है। नीनवे, आठवीं और सातवीं सदी ईसा पूर्व में असीरियाई साम्राज्य की एक प्रमुख राजधानी थी जब तक यह 612 ई.पू. में बेबीलोनियों और मादियों के संयुक्त आक्रमण से नष्ट किया गया था।

रहोबोत-इर इस नगर का नाम हो सकता है, लेकिन कुछ भाषाविद सोचते हैं कि इसका अनुवाद "व्यापक [खुले] स्थानों का नगर के [प्लाजा]," रूप में किया जाना चाहिए जो नीनवे के खुले जन साधारण के चौराहों के बारे में वर्णन करता है।[12]

रसेन, आयत 12 के अनुसार, **नीनवे और कालाह के मध्य** में स्थित था। इस जानकारी के बावजूद, उसकी अवस्थिति अनजान है।कालाह, आधुनिक निम्रूद भी अश्शूर के **प्रमुख शहरों** में से एक था। यह वह जगह है जहां टिगरिस और ज़ाब नदियों का संगम था।

आयत 12 के अंतिम भाग में, इब्रानी भाषा के स्वाभाविक क्रम में नीनवे के बजाए **कालाह**, को प्रमुख नगर के रूप में देखा गया है। हालांकि "कालाह" विशेषण वाक्यांश के तत्काल पूर्ववर्ती "**महान नगर**," यह संभव है कि नीनवे को ही पूर्ववर्ती रखा गया हो, क्योंकि इसी अभिव्यक्ति को योना 1:2; 3:3; 4:11 में लागू किया गया है। हालांकि, कालाह को पहले के समय में ऐसे शब्दों में व्याखित किया गया है, जब उत्पत्ति के लेखक ने लिखा है, फिर भी यह आठवीं शताब्दी ईसा पूर्व के अंत तक नहीं था जब तक नीनवे एक सामर्थ्यशाली नगर था।[13]

आयतें 13, 14. इन आयतों में जितने भी नाम सूचित है वे इब्रानी बहुवचन (ם' *[-इम])* के साथ अंत होता है, जो इंगित करता है कि लेखक किसी एक व्यक्ति के लिए नहीं, लेकिन लोगों को समूहों के बारे में लिखता है जो **मिज्राइम**, या मिस्र में बस गए थे। इनमें से पहले **लूदीम** थे; वे ऐसे समूहों के साथ जुड़े थे जो एशिया माइनर में बसे हुए थे (यशा. 66:19),[14] साथ ही कुछ अफ्रीकी देशों के लोगों (कुश और पूत; यिर्म. 46:9; यहेज. 30:5)। इनके विषय में कोई सटीक पहचान नहीं दी जा सकती है। ऐसा ही कुछ **अनामीम** के सम्बन्ध में है, हालाँकि कुछ सोचते हैं कि वे उत्तरी अफ्रीका, नील नदी डेल्टा के पश्चिम के कुरेनी लोग थे। **लूबीम** को लेहाबीम बोलने का एक वैकल्पिक तरीका माना जाता है जो कि उत्तरी अफ्रीका में, लीबिया के रेगिस्तान में रहनेवाली जनजातियों के विषय में प्रयोग किया जाता है। फिर भी, हमारे पास कोई प्रमाण नहीं है कि यह सही सूचना है। **नफ्तुहीम** भी इसी तरह अज्ञात हैं, लेकिन शायद उनका संबद्ध नील नदी डेल्टा के (उत्तरी) मिस्र के एक क्षेत्र के साथ है।[15]

पत्रूसीम, अन्य आयतों के अनुसार, उपरी (दक्षिणी) मिस्र में रहते थे (यशा. 11:11; यिर्म. 44:1, 15; यहेज. 29:14; 30:14)। **कस्लुहीम** के बारे में प्रमाणों के आभाव के रहते अनुमानित है कि वे भूमध्य क्षेत्र में बसे लोगों के विभिन्न समूहों में से थे। यद्यपि अगले खंड से जो मुख्य प्रश्न सामने आता है वह यह है:

पलिश्ती कहाँ से आए? यह शब्द अपने स्थान से अलग लगते प्रतीत होते हैं; कुछ सोचते है कि वे कस्रोरीम (क्रेतियों) में से हैं क्योंकि पलिश्ती क्स्रोर से उत्पन्न हुए माने जाते हैं (यिर्म. 47:4; अमोस 9:7)। किस प्रकार से पलिश्तियों के कस्लुहीम और क्स्रोर के साथ के सम्बन्ध को समझाया जा सकता है?

एक संभावना यह है कि पलिश्ती और कस्लुहीम पहले के समय के दौरान एक करीबी सम्पर्क में थे। सैकड़ों वर्ष बाद, कई कस्लुहीम (जिन्हें अभी तक "पलिश्ती" नहीं बुलाया गया था), वे जो मिस्र में उत्पन्न हुए और क्रेते के द्वीप पर दीर्घ काल के लिए बस गए कि यह उनका घर बन गया। जब नबियों ने क्स्रोर (क्रेते) के विषय में बोला कि यह पलिश्तियों का घर था जो कनान पर कब्ज़ा करने के लिए वहां से आए थे, हो सकता है कि वह पलिश्तियों के उत्पन्न होने के वास्तविक केंद्र (मिस्र) के बजाय एक दूसरे पड़ाव के बारे में बोल रहे हो।

एक अन्य विचार यह है कि वे पलिश्ती जो तेरहवीं शताब्दी ईसा पूर्व के उत्तरार्ध में फिलिस्तीन पर आक्रमण कर इस्राएलियों को सताते थे जब तक दाऊद ने उन पर अधिकार न कर लिया (2 शमूएल 8:11, 12)।

आयत 15. हाम का चौथा पुत्र **कनान** था, और **उसका जेठा सिदोन था**। "सिदोन" एक जगह का नाम भी है जिसे इसी संदर्भ में, 10:19 में भी प्रयोग किया गया है। बाइबल सम्बन्धी इतिहास के प्रारंभिक दिनों में, "सिदोन" फिनिके के सबसे महत्वपूर्ण नगर से जुड़ा था, और इसे यहोशू 19:28 में "बड़ा सिदोन" कहा गया है। इस वर्णन में सोर का न होना इस बात की ओर इशारा करता है की यह दूसरी सहस्राब्दी के प्रारंभिक काल में अस्तित्व में था, क्योंकि दूसरा नगर 1000 ईसा पूर्व तक सैदा, हीराम प्रथम के शासन में नहीं मिला था, जो राजा दाऊद का समकालीन था।

अगला नाम, **हेत**, जिसे NIV में "हित्ती" अनुवाद किया गया है, जबकि NEB पिछले को एक वैकल्पिक प्रतिपादन का रूप प्रदान करता है। स्वर के बिना, "हेती" और "हित्ती" बाइबल सम्बन्धी पांडुलिपियों में एक समान हैं। इन लोगों का आदिम अनातोलियन हित्तियों के साथ कुछ संबंध था, हो सकता है या शायद वे हेतियों के एक कनानी उपसमूह के थे (देखें 23:10)।[16]

आयत 16. यबूसी उन पूर्व इस्राएल के लोगों के नाम था जिन्होंने यरूशलेम तथा उसके चारों ओर डेरा किया था (यहोशू 15:8, 63; 18:28; 2 शमूएल 5:6, 8)। वे गैर-सामी नाम रखते थे, लेकिन उनका जातीय मूल अनिश्चित है। יְבוּסִי *(यबूस)* "यरूशलेम" के लिए - एक लघु शब्द है (न्यायियों 19:10, 11) - जो एमोरी शब्द *यबुसुम* से सम्बन्धित हो सकता है, यहेजकेल की घोषणा के अनुरूप यरूशलेम के वंश का हिस्सा इसी एमोरियों से निकला है (यहेज. 16:3)।[17] यबूसी नाम भी बाइबल सम्बन्धी पाठ में संरक्षित किया गया है, जैसे "अरौना" (2 शमूएल 24:16-24) और "ओर्नान" (1 इतिहास 21:15-28; 2 इतिहास 3:1), हुर्री परंपरा का हो सकता है।[18] प्राचीन हुर्री, अर्मेनियाई क्षेत्र से आए थे और 2500 से 1000 ईसा पूर्व में प्राचीन निकटवर्ती पूर्व के आस पास

फैल गए। उन्होंने हारान को अपने आर्थिक और राजनैतिक जीवन का केंद्र बनाकर शक्तिशाली मित्तानी साम्राज्य की स्थापना की।[19]

एमोरी, इस सूची में चौथा नाम, जो प्राचीन अक्कद के स्रोतों में अमुर्रू के रूप में मिलता है, और जिसका अर्थ है "पश्चिम।" मेसोपोटामिया: बेबीलोन, मारी, और अश्शूर में जहाँ वे उत्पन्न हुए थे वहां के एमोरी साम्राज्य के दृष्टिकोण से एमोरी लोग निस्संदेह पश्चिमी थे। सीरिया, फिनिके, और कनान के एमोरी लोग पश्चिमी-सामी भाषा बोलते थे जो प्राचीन कनानी भाषा से सम्बन्धित थी। बाइबल में "एमोरी" शब्द को कम से कम दो भिन्न तरह से प्रयोग किया गया है: (1) यह कनान देश में इस्राएलियों के आने से पहले रहने वाले निवासी थे (यहोशू 10:5), जो यरदन के पूर्व में रहते थे (व्यव. 3:8); और (2) कनानी लोगों की तुलना में जो भूमध्य सागर के तटीय इलाके में रहते थे, इनकी पहचान उन लोगों के रूप में की गई है जो मध्य पहाड़ी देश में रहते थे (यहोशू 11:3)।[20]

अन्य कनानी लोग जिन्होंने इस्राएलियों के प्रवेश करते समय भूमि के कुछ हिस्से पर कब्ज़ा किया हुआ था वे **गिर्गशी** थे (15:21; व्यव. 7:1; यहोशू 3:10; 24:11)। हम इन लोगों के बारे में ज़्यादा कुछ नहीं जानते, लेकिन रास शमरा (उत्तरी सीरिया) के उगारितिक पांडुलिपि में दो व्यक्तिगत नाम दर्ज हैं जो गिर्गशीके समान है या हो सकता है कि वहां से निकला हो। साथ ही, कुछ गदरेनियों, गिरासेनियों, या गिर्गासेनियों के क्षेत्र को - उस क्षेत्र के रूप में पहचानते हैं - जहाँ पर यीशु ने दुष्टात्मा से ग्रसित व्यक्ति को चंगा किया था (मत्ती 8:28; मरकुस 5:1; लूका 8:26, 37)[21] और जहाँ पर प्राचीन गिर्गशी लोग रहते होंगे। यद्दपि इस्राएलियों ने यरदन के पश्चिम में गिर्गशियों का सामना किया था, जबकि यीशु ने यरदन के पूर्व में अपना आश्चर्यकर्म किया था।

आयत 17. हिव्वियों का वर्णन कई वचनों में मिलता है, लेकिन इनके बारे में हमारे पास बहुत थोड़ी जानकारी है। कुछ सोचते हैं कि "हिव्वी" शब्द "होरी" के बदले में प्रयोग किया जाने वाला है।[22] हिव्वी लोग लबानोन और सीरिया में काफ़ी संख्या में थे (यहोशू 11:3; न्यायियों 3:3), लेकिन इनमें से कुछ दक्षिणी कनान के शेकेम और गिबोन में वर्णित हैं (33:18; 34:2; यहोशू 9:3, 7)। **अर्की** लोग त्रिपोली, लेबनोन, और फिनिके के तटवर्ती क्षेत्र के लगभग बारह मील के उत्तर पूर्वी क्षेत्र में रहते थे। आज इस जगह का नाम तेल अर्का है; इसके पुरातत्व अवशेष पहले कांस्य युग के रहे होंगे। सिनाई जाति भी एक अन्य उत्तरी कनानी लोग थे, जिनको कुछ उत्तरी फिनिके के सियानु नगर से जोड़ते हैं।

आयत 18. अवर्दी लोग प्राचीन निकटवर्ती पूर्वी लेखों में काफ़ी बार वर्णित हैं। इनका आधुनिक नगर रुआद है, जो भूमध्य तट से दो मील दूर एक टापू पर स्थित है, जो कि ट्रिपोली से लगभग पैंतीस मील उत्तर में है। यहेजकेल 27:8, 11 में अर्वी लोगों को सोर के जहाज़ों पर मल्लाह तथा सिपाहियों के रूप में बताया गया है जो सोर की सेना में कार्यरत थे। अगला नाम, צְמָרִי *(समारी)*, प्राचीन मिस्री और अश्शुरी लेखों में मिलता है और जिनका सम्बन्ध सीरिया के भूमध्य तट के वर्तमान समय के सुमरा गाँव में जो ट्रिपोली और अरवद के बीच में है

पाया गया है। **हमाती** लोग, हमात नगर (वर्तमान हामा) जो उत्तरी सीरिया की ओरोंतेस नदी के पास है वहां के निवासी हैं, यह पुराने नियम के कनान और इस्राएल की उत्तरी सीमा पर था (गिनती 34:8; 1 राजा 8:65; 2 राजा 14:25; आमोस 6:2, 14)।

यह 10:15-18 में सूचित **परिवारों** में से था कि **कनानी लोग बाहर निकल कर फैल गए**। यहाँ 11:4, 8 में "बाहर फैलने" (פוץ *पुट्स)* के लिए प्रयोग की गई क्रिया का अनुवाद "बाहर तित्तर बित्तर" होना किया गया है। जिस प्रकार से 10:10 में "बाबेल" के वर्णन के समय "बाहर निकलकर फैलने" की बात अध्याय 11 में भी दोहराई जाती है, "जब परमेश्वर ने लोगों को परदेशी होने के लिए पूरी पृथ्वी पर तित्तर बित्तर कर दिया था" (11:8)।

आयत 19. इस कथन के सार में, लेखक **कनान** की सीमा के बारे में वर्णन करता है, जो उत्तर में **सिदोन से** लेकर दक्खिन में गरार तक फैली थी और दक्खिनी सीमा जिस के विषय में कहा जाता है कि **जितना दूर गाज़ा है**। **गाज़ा, भूमध्य तट से कनान तक** जाती हुई मुख्य सड़क पर था, जो मिस्र को उपजाऊ भूमि और मेसोपोटामिया की महान सभ्यताओं से जोड़ती थी। दक्खिन पूर्वी सीमा रेखा दक्खिन के मृत सागर के क्षेत्र से गुज़रती थी जो **सदोम और अमोरा और अद्माह और सबोयीम से होकर लाशा तक थी**। 14:2, 3, के अनुसार पहले चार नगर "सिद्दिम की घाटी में थे (जो मृत सागर है)।" ये नगर अपनी दुष्टता के कारण परमेश्वर द्वारा नष्ट किए गए थे (19:24, 25, 28, 29; देखें व्यव. 29:22-26; यशा. 1:9, 10; 3:9; होशे 11:8; आमोस 4:11)। इन प्राचीन नगरों की स्थिति का कोई पुरातत्व प्रमाण नहीं है। "लाशा" ही अंतिम नगर है जिसके बारे में बताया गया है, और बाइबल में इसके बारे में यही एकमात्र वचन है।

आयत 20. इस भाग के समाप्ति के समय, लेखक बार-बार दोहराता है कि **हाम के वंश में ये ही हुए; और ये भिन्न भिन्न कुलों, भाषाओं, देशों, और जातियों के अनुसार अलग अलग हो गए**। राष्ट्रों की तालिका (देखें 10:5, 31) में वंशावलियों की इस दूसरी सूची का अंत येपेत के वंश से थोड़ा भिन्न है (10:5)। "भूमि ... भाषा ... परिवार" का क्रम जो येपेत वंशियों के लिए प्रयोग किया गया था वही हामवंशियों के लिए प्रयोग किया गया है।

शेम के पुत्र (10:21-31)

21फिर शेम, जो सब एबेरवंशियों का मूलपुरूष हुआ, और जो येपेत का ज्येष्ठ भाई था, उसके भी पुत्र उत्पन्न हुए। 22शेम के पुत्र: एलाम, अश्शूर, अर्पक्षद, लूद और आराम हुए। 23और आराम के पुत्र: ऊस, हूल, गेतेर और मश हुए। 24और अर्पक्षद ने शेलह को, और शेलह ने एबेर को जन्म दिया। 25और एबेर के दो पुत्र उत्पन्न हुए, एक का नाम पेलेग इस कारण रखा गया कि उसके दिनों में पृथ्वी बंट गई, और उसके भाई का नाम योक्तान है। 26और योक्तान ने अल्मोदाद, शेलेप,

हसर्मावेत, थेरह, [27]यदोरवाम, ऊजाल, दिक्ला, [28]ओबाल, अबीमाएल, शबा, [29]ओपीर, हवीला, और योबाब को जन्म दिया: ये ही सब योक्तान के पुत्र हुए। [30]इनके रहने का स्थान मेशा से ले कर सपारा जो पूर्व में एक पहाड़ है, उसके मार्ग तक हुआ। [31]शेम के पुत्र ये ही हुए; और ये भिन्न भिन्न कुलों, भाषाओं, देशों और जातियों के अनुसार अलग अलग हो गए।

आयत 21. शेम की वंशावली नूह के वंशजों की सूची में सबसे अंत में इसलिए दी गई है क्योंकि धर्मविज्ञानी रीति से यह परिवार दूसरों से अधिक महत्त्वपूर्ण है। यह सत्य प्रमाणित है क्योंकि वचन में तुरंत इस बात का ज़िक्र किया गया है कि शेम सभी **एबेरवंशियों का मूलपुरुष हुआ**, जो अब्राहम और चुने हुई इब्रानी जाति का पितर था। यहाँ पर एक और उदाहरण है जो यह दर्शाता है कि "पिता" साधारण तौर से "पूर्वज" के लिए प्रयोग होता है, जैसे की एबेर वास्तव में शेम का परपोता था (10:22-24)।

NASB के अनुसार, शेम **येपेत का जेठा भाई था**। अधिकतर अंग्रेज़ी संस्करणों में यही प्रयोग हुआ है।[23] इस पठन के पक्ष में तथ्य यह है कि, इस पूरे वचन में नूह के तीनो पुत्रों को एक साथ रखा गया है, और शेम को हमेशा सबसे ऊपर सूचित किया गया है (5:32; 6:10; 7:13; 9:18; 10:1)। हालाँकि, यह क्रम इस बात को प्रमाणित नहीं करता कि शेम सबसे बड़ा था। आखिरकार, हाम इस सूची में दूसरे स्थान पर था, जबकि वह नूह का सबसे छोटा पुत्र था (9:24)। यदि NASB वर्णन सही है तो, लेखक ने जैसा कहा है कि शेम "येपेत का जेठा भाई था" उसकी प्राथमिकता पर ज़ोर देने के लिए - यद्दपि येपेत की वंशावली अध्याय 10 में पहले आती है।

कुछ संस्करण , इस बात कि ओर संकेत करते हैं कि येपेत शेम का जेठा भाई था (KJV; NKJV; NIV)। उदाहरण के लिए, KJV के अनुसार शेम "येपेत जो जेठा था उसका भाई था।" यह शाब्दिक दोहराव इब्रानी लेख के शब्द क्रम को संरक्षित करता है[24] और LXX से सहमत है। यु कस्सुटो के अनुसार, दिया गया विवरण यह स्थापित करता है कि "प्राचीन काल में बड़े भाई के पद के सम्बन्ध में, बाकी भाइयों को पाहिलौठे की अधीनता में रहना होता था।"[25] यदि येपेत नूह के पुत्रों में से सबसे बड़ा था, तो जल प्रलय के समय शेम की आयु समझाने में कोई कठिनाई नहीं आनी चाहिए (11:10, 11 पर टिप्पणी देखें)।

आयत 22. शेम के पुत्रों के नाम की पहली सूची में, **एलाम** का नाम सबसे पहले आता है। एलामी टिगरिस फरात घाटी के दक्खिन पश्चिमी भाग जो आज आधुनिक इरान है, में रहते थे। सूसा यहाँ की प्राचीन राजधानी थी (एस्तेर 1:2-5; दानिय्येल 8:2)। यहाँ पर असामंजस्य इसलिए उत्पन्न होती है क्योंकि एलामियों की भाषा सामी मूल की नहीं थी। कुछ के विचार में इन लोगों को शेम के वंश के होने के लिए एक ही खून का होने के बजाए सांस्कृतिक और भौगोलिक मान्यताएं अधिक महत्त्वपूर्ण थी। हालांकि, इलाम में बसने वाले सबसे पुराने लोग हो सकता है कि सामी मूल के रहे हों जो कभी भी उस क्षेत्र के प्रभावशाली

लोग न रहे हों, लेकिन जिन्हें अपनी संस्कृति उन लोगों के साथ बांटने का मौका मिला हो जो उस क्षेत्र में प्रभुत्व रखते हों।[26]

अश्शूर शब्द को "सीरिया," भी कहा जा सकता है और यह नाम उत्तरी मेसोपोटामिया घाटी के लोगों और देश तथा उनके प्राचीन राष्ट्रीय देवता के लिए भी प्रयोग किया जाता है। उत्पत्ति 10:11, 12 के अनुसार निम्रोद, हाम के वंशज ने अश्शूर में कई महत्वपूर्ण नगरों का निर्माण किया था। 10:22 में, अश्शूर का नाम शेम के वंश के लिए प्रयोग किया गया है। हो सकता है कि हाम के वंशज जो सुमेरी संस्कृति के थे वे अश्शूर में सबसे पहले बसने वाले लोग थे। यदि ऐसा था तो, जैसे जैसे पूरे मेसोपोटामिया में सामी लोगों के द्वारा संस्कृति फैली वे वहां से खदेड़ दिए गए।[27]

पहचान और शब्दार्थ दोनों की अवहेलना करते हुए, **अर्पक्षद** एक रहस्य ही रहा। कुछ के अनुसार इब्रानी भाषा के अंतिम तीन अक्षर, כשׂד *(कसदी)*, (कसिदिम या बेबिलोनियों) से सम्बन्धित हो सकते हैं। अर्पक्षद को अर्राफा (आधुनिक किर्कउक) जो उत्तरी इराक का एक नगर था उसके साथ भी पहचानने का एक अन्य प्रयास किया गया है। हालाँकि, प्राचीन अर्पक्षद के पहचान के सम्बन्ध में दोनों सिद्धांत पर्याप्त नहीं हैं कि विशेषज्ञ किसी निष्कर्ष पर पहुँच पाए।

दूसरा नाम जिसकी कोई पहचान नहीं मिली, वह **लूद** है। जबकि लूदी लोग हाम के वंश से थे (टिप्पणी देखें 10:13, 14 पर), यह लूद शेम का वंशज था, इसलिए, यह दोनों एक ही व्यक्ति नहीं थे। कुछ इस बात को समस्याजनक समझते हैं, लेकिन यह सामान्य बात है की प्राचीन समय हो या आधुनिक, भाइयों की वंशावलियों में एक ही नाम का दोहराया जाना आम है, इसलिए इसे इस लेख में कठिनाई के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। जैसे कि, हम नहीं जानते की लूदी लोग कौन थे, हम उनकी स्थिति तथा वे कहाँ रहते थे उसके विषय में भी हम कुछ नहीं जानते।

इस सूची में आखिरी पुत्र **अराम** है। प्रामाणिक तौर से वह एलाम के निकट कीर से एक पूर्वी वंशज था (यशा. 22:6; आमोस 9:7)। दूसरी सहस्राब्दी ईसा पूर्व में आरामी लोग उत्तरी मेसोपोटामिया और सीरिया के कई भागों में बस गए थे, और पूर्वकालीन पितरों का वृतांत अब्राहम, इसहाक और याकूब का हारान के साथ एक घनिष्ठ सम्बन्ध को दिखाते हैं, जो कि आरामी संस्कृति का एक केंद्र था (11:31, 32; 24:4, 10; 25:20; 27:43; 28:5, 10; 31:17-24)। व्यवस्थाविवरण 26:5 में याकूब को "भटकने वाला आरामी" के रूप में पहचाना गया है क्योंकि वह हारान में बीस वर्ष तक रहा। नाहोर, अब्राहम के भाई कि वंशावली में एक अन्य व्यक्ति का वर्णन है जिसका नाम "अराम" था (22:21)।

आयत 23. 10:22 में शेम के पांच पुत्रों का वर्णन है, लेकिन केवल **अराम** और अर्पक्षद के वंशजों का वर्णन यहाँ पर मिलता है। अराम के पहले बेटे का नाम **ऊज़** था, लेकिन उसके और उसके वंश के बारे में बहुत थोड़ी जानकारी है। "ऊज़" का वर्णन पुराने नियम में कई बार जगह के नाम के रूप में किया गया है। एक

उदाहरण में, इसे अय्यूब का घर कहा गया है (अय्यूब 1:1), लेकिन इसकी सटीक स्थिति अनिश्चित है। कुछ इस ऊज़ को उत्तर पूर्वी इस्राएल, अराम में देखते हैं, जबकि कुछ इसे दक्खिन पूर्वी इस्राएल में, एदोम के निकट स्थित करते हैं (देखें अय्यूब 2:11)। बाकी लेख दक्खिनी ऊज़ के बारे में बताते हैं (देखें यिर्म. 25:20, 21; विलाप. 4:21)। यह स्थान एसाव के एक वंशज के साथ जोड़ा जा सकता है (36:1, 28)। जोसिफस के अनुसार, "ऊज़" नामक एक व्यक्ति ने 10:23 में इज़राइल के उत्तर में दमिश्क की स्थापना की थी।[28] जबकि यह अनिश्चित है, फिर भी यह इस तथ्य के साथ सहमत है कि अरामी सभ्यता मूल रूप से उत्तरी मेसोपोटामिया (हारान और उसके आस पास के क्षेत्र) और सीरिया में असित्व में आई थी। एक अन्य ऊज़ का वर्णन नाहोर की वंशावली में दिया गया है (22:21)।

हूल और **गेतेर** बिना किसी पहचान के रहे, जैसे **माश** रहा। NIV इब्रानी शब्द מַשׁ *(माश)* को "मेशेक" के रूप में अनुवाद करता מֶשֶׁךְ *(मेशेक)*, LXX तथा 1 इतिहास 1:17 के अनुसार। बिना किसी स्वर के, इन नामों के बीच में सिर्फ़ एक ही व्यंजन ך (*k*) का अंतर है। हो सकता है कि लेखक से दुर्घटनावश 10:23 में एक अक्षर छूट गया हो, या फिर उसने 1 इतिहास 1:17 में एक अक्षर अधिक जोड़ दिया हो। यदि बाद वाली बात को लिया जाए तो, हो सकता है कि वह 1 इतिहास 1:5 से प्रभावित हुआ हो, जिसमे "मेशेक" को येपेत के वंश का ठहराया गया है। संयोग से, कुछ इब्रानी पांडुलिपियों के अनुसार 1 इतिहास 1:17 में माश की स्थिति केन्द्रीय एशिया माइनर, उत्तरी मेसोपोटामिया के मसिउस पर्वत और लेबनोन के पर्वतों पर दी गई है।

आयत 24. जैसे जैसे वंशावली आगे बढ़ती है, **अर्पक्षद** को **शेलाह् के पिता के रूप** में बताया गया है और वह **एबेर का पिता बना**। "शेलाह" के विषय में हम सिर्फ़ यह जानते हैं कि उसका नाम यहूदा के वंश में भी आया है (38:5, 11, 14, 26; 46:12; गिनती 26:20; 1 इतिहास 2:3; 4:21-23)। "एबेर" इब्रानियों का पूर्वज था। उचित नाम "एबरुम" को लगभग 2300 ई.पू. के आस-पास पाए गए एबला स्मरण पट्ट पर देखा गया था। यह एबरुम प्राचीन एबला, जो उत्तरी सीरिया में था, वहां का राजा था। जबकि यह महत्वपूर्ण पुरातत्व खोज स्थापित करती है कि "एबेर" तीसरी सहस्त्राब्दी के अंत में एक वास्तविक सामी नाम था, 10:24 में वर्णित एबेर की तुलना प्राचीन एबला के एबरुम से नहीं की जा सकती। यकीनन यह दोनों अलग-अलग व्यक्ति थे।[29]

आयत 25. एबेर के दो बेटे पेलेग और योक्तान थे। बड़े बेटे योक्तान के विषय में हम यह जानते हैं कि **उसके दिनों में पृथ्वी को बांटा गया था**। लेखक इन दोनों शब्दों, यानि इस व्यक्ति के नाम और पृथ्वी के बंटवारे के बीच में एक ज़ाहिर सी समानता को लेकर आता है। "पेलेग" नाम को פֶּלֶג *(पेलेग)* क्रिया פָּלַג *(पलाग)* से विकसित किया गया है, जिसका अर्थ है "बांटना," और यहाँ पर, यह उस बड़ी घटना को दर्शाती है जो पेलेग के जीवनकाल में घट रही होगी: बाबेल के मीनार के समय मानवजाति का तित्तर बित्तर होना (11:1-9)।

आयत 26. 10:26-30 में दी गई शेम की वंशावली के अंतिम समूह में तेरह नाम दिए गए हैं, जो कि नूह के बेटों की सूची में दिए गए नामों का आधा है (10:21-31)। यह लोग अरब प्रायद्वीप में बस गए थे।

योक्तान के लिए, कोई विशेष पहचान निश्चित नहीं है, लेकिन उसके पुत्रों का नाम दक्खिनी अरब के कई जाने पहचाने स्थानों में और जातियों में मिल जाएंगे।[30] **अल्मोदाद**, जिसे LXX में अलमोदाद लिखा गया है, इसका अर्थ है "परमेश्वर एक मित्र," लेकिन इस व्यक्ति का वर्णन पुराने नियम के बाहर कभी भी नहीं किया गया है। **शेलेफ़** भी यमन के अदन में एक अरबी जाति या ज़िले के जैसा ही लगता है। **हज़रमवेथ**, पूर्वी यमन के दक्खिनी अरब के एक ज़िले हदरामौत में बसे हुए लोगो के वंशज थे। **जेरह** יָרַח *(जेरह)* से लिया गया था, जिसका अर्थ "महीना," है और जो "चाँद" के लिए प्रयोग किए गए इब्रानी शब्द יָרֵחַ *(जारीह)* से सम्बन्धित है।[31] दक्खिनी अरब के मुख्य देवता को भी यही नाम दिया गया था।

आयत 27. हदोराम जिसका शाब्दिक अर्थ "हद [अद] ऊंचा किया गया" है।[32] शेम के इस वंशज के विषय में, उत्तरी मेसोपोटामिया और सीरिया का तूफ़ान का देवता भी इसी नाम से जाना जाता था। 1 इतिहास 18:10 और 2 इतिहास 10:18; में "हदोराम" का नाम भी दूसरे महत्वपूर्ण व्यक्तियों के बीच में मिलता है और एक प्राचीन सबैन लेख इसे व्यक्तिगत या जातीय नाम के रूप में प्रमाणित करता है, फिर भी इसकी विशिष्ट पहचान इस वंशावली में अनसुलझी है।

उजाल का नाम फिर से यहेजकेल 27:19 में देखा जाता है और इसकी पहचान (विवादित) यमन की वर्तमान राजधानी सना के एक पुराने नाम से की जाती है। **दिक्लाह** नाम इब्रानी शब्द דִּקְלָה *(देक़ेल)* से सम्बन्धित है जिसका मतलब "खजूर" होता है। इसी कारण से, ऐसा समझा जाता है की अरब में इसी नाम का एक नखलिस्तान है जहां पर खजूर उगते हैं।

आयत 28. 1 इतिहास 1:22 में, **ओबाल** עוֹבָל *(ओबाल)* "एबाल" की तरह प्रतीत होता है עֵיבָל *(एबाल)*। अक्षरविन्यास में अंतर के कारण ו *(वाव)* और י *(योद)* की लेखनी में भी असमंजसता उत्पन्न होती है। रूचिकर बात यह है कि, सामरी पेंटाटूक 10:28 में "एबाल" को असल लेख के रूप में प्रस्तुत करता है। यह जगह अज्ञात है, लेकिन कुछ ने इसे आधुनिक उबाल या यमन में दूसरी जगहों के रूप में पहचाना है।

अबिमाएल, जिसका अर्थ है, "परमेश्वर मेरा पिता है," इसे किसी ने सबाइयन या पश्चिमी-सामी शब्दावली मूल का होने की पहचान की है। यद्दपि जो नाम यहाँ पर और 1 इतिहास 1:22 में मिलता है, उसकी सटीक स्थिति का पता नहीं लगाया जा सका है।

अगला वंश **शेबा** है, जिसका नाम एक हामी वंश के व्यक्ति ने अपनाया था (10:7 पर टिप्पणी देखें)। दोनों के बीच में असमंजस उत्पन्न नहीं होनी चाहिए; दोनों एक ही व्यक्ति नहीं है। फिर भी उनके वंशज का आपसी रूप में निकट होने का अनुमान है।

आयत 29. ओपीर को शुद्ध सोने के साथ जोड़ा जाता है (अय्यूब 22:24; 28:16; भजन 45:9) जिसे सुलेमान जहाज़ो द्वारा इसी नाम की एक प्राचीन जगह से आयातित करवाता था (1 राजा 9:28; 2 इतिहास 8:18)। जबकि यह माना जाता है की यह जगह अफ्रीका और भारत दोनों में स्थित रही होगी, इस नाम का शेम के वंश में होने की सम्भावना और अधिक बढ़ा देता है की यह स्थान अरब प्रायद्वीप पर स्थित हो सकता है।

हवीला, जो कि अगला नाम है यह भी हामी वंश में पाया जाता है (10:7)। 10:29 में जिस हवीला का वर्णन है वह पश्चिमी अरब में स्थित था। यह दूसरे कथन के साथ भी सहमत है जिसके अनुसार हवीला "मिस्र के पूर्व" में स्थित था, यह इश्माएलियों के रहने का स्थान भी था (25:18)। यह क्षेत्र, पश्चिमी अरब में, पिशोन नदी का उद्गम स्थान भी रहा होगा (2:11, 12 पर टिप्पणी देखें)।

योबाब, योक्तान का अंतिम बेटा था। यह नाम उत्पत्ति में एदोमी राजा के वंश में भी आया है (36:33, 34)। और पुराने नियम में भी कई जगह इस नाम के वर्णन किया गया है (यहोशु 11:1; 1 इतिहास 8:9, 18) कुछ सम्भावित तौर से योबाब को युहाईबाब के साथ जोड़ते हैं, जो मक्का के क्षेत्र में एक अरबी नगर था।

आयत 30. 10:26-29 में दी गई योक्तान के बेटों की **सूची से** उनके बस जाने का प्रमाण मिलता है। इसके आगे लेखक 10:19 में दिए गए कथन के समान एक कथन भी शामिल करता है, जो इन लोगों के निवास क्षेत्र का ब्यौरा भी देता है। हालाँकि **मेशा, सपारा, और पूर्व के पहाड़ी देश को** पहचाना जाना अभी भी बाकी है, साधारण सम्मति यह है कि योक्तान का परिवार दक्खिनी अरब में कहीं रहा होगा।

आयत 31. यह आयत शेम के वंश के बारे में दिए गए खंड को समाप्त करता है। यहाँ लिखा है, **कि शेम के पुत्र ये ही हुए; और ये भिन्न भिन्न कुलों, भाषाओं, देशों और जातियों के अनुसार अलग अलग हो गए।** यहाँ दिया गया वाक्यांश येपेत और हाम के पुत्रों की सूची के समान है (10:5, 20)। यहाँ दिए गए सार में "परिवार," "भाषा," "भूमि," और "जातियों" का वर्णन भी है।

नूह के पुत्रों के विषय में दिए गए कथन का सार (10:32)

[32]नूह के पुत्रों के घराने ये ही हैं: और उनकी जातियों के अनुसार उनकी वंशावलियां ये ही हैं; और जलप्रलय के पश्चात पृथ्वी भर की जातियां इन्हीं में से हो कर बंट गई।

आयत 32. यह अध्याय अंतिम सार के साथ समाप्त होता है जो इस खंड के विषय और उद्देश्य को दोहराता है। विशिष्ट **वंशावलियों** की सूची देते समय, लेखक बताता है कि कैसे **नूह के पुत्र जाति बने और जाति कैसे जल प्रलय के बाद**

पृथ्वी पर फैल गई। पृथ्वी पर जनसंख्या बढ़ना परमेश्वर की आज्ञा के अनुसार चलना था, "फलो-फूलो और पृथ्वी को वश में कर लो" (9:1; देखें 9:7)।

यह सार बाबेल के मीनार के वृत्तांत के लिए अध्याय 11 में एक मंच तैयार करता है, जो यह वर्णन करता है कि किस प्रकार से अलग-अलग "जातियों" और "भाषाओँ" के विकास से संसार भिन्न होने लगा और यह परिवार जो जहाज़ में बचाया गया था कैसे परमेश्वर द्वारा शुद्ध किए गए संसार में फैलने लगे।

अनुप्रयोग

जातियों की तालिका (अध्याय 10)

पहली झलक में, एक वंशावली जो उत्पत्ति 10 में मिलती है जो धर्मवैज्ञानिक अनुप्रयोग के दृष्टिकोण से सीमित नज़र आती है। यह सूची बिना किसी इतिहास के, सिर्फ़ नामों का वर्णन करती है, सिवाय एक व्यक्ति: निम्रोद। यह पद लोगों के जीवन के समयों के बारे में कुछ नहीं बताता है, जैसे, कब उन्होंने बच्चों को जन्म दिया, या अपनी मृत्यु के समय उनकी आयु क्या थी (जैसा कि पाठ 5 में वर्णित है)। इन सीमाओं के बावजूद, कुछ बहुमूल्य पाठ इस वंशावली के वर्णन से सीखे जा सकते हैं।

प्रभु यहोवा सभी जातियों पर प्रधान है। परमेश्वर जातियों को व्यवस्थित करता है और पूरी दुनिया पर सर्वोच्च राजा है। मूसा द्वारा कहा गया एक कथन यहाँ पर उचित है: "जब परमप्रधान ने एक-एक जाति को निज-निज भाग बांट दिया, और आदमियों को अलग-अलग बसाया, तब उसने देश-देश के लोगों के सिवाने इस्राएलियों की गिनती के अनुसार ठहराए" (व्यव. 32:8; देखें आमोस 9:7, 8)। इसी प्रकार की एक टिप्पणी पौलुस द्वारा अथेने के लोगों के लिए मिलती है: उसने राष्ट्रों के विषय में घोषणा करते हुए कहा कि, परमेश्वर ने "एक ही मूल से मनुष्यों की सब जातियां सारी पृथ्वी पर रहने के लिये बनाईं हैं; और उन के ठहराए हुए समय, और निवास के सिवानों को बान्धा है" (प्रेरितों 17:26)। यूनानी लेख में "मनुष्य" के लिए कोई शब्द लिखित रूप से नहीं मिलता लेकिन इसे समझा जा सकता है। कुछ एक मनुष्य को आदम के रूप में अनुवाद करते हैं, जो शायद सही हो सकता है। दूसरे सोचते हैं कि पौलुस नूह के बारे में बोलता है, एक प्रकार से दूसरा आदम और जल प्रलय के बाद - उसके तीन पुत्रों के द्वारा - सभी का स्रोत।

उत्पत्ति में अध्याय 10 में दी गई वंशावली परमेश्वर के छुटकारे की कहानी में, जो अध्याय 11 से आरम्भ होती है, उसकी भूमिका है। अब्राहम और उसके वंश से निश्चित रूप से इस्राएल जाति का उदय होगा और परमेश्वर के पुत्र, "संसार के मुक्तिदाता," मसीह उसमें जन्म लेगा (यूहन्ना 4:42)। हालांकि किसी एक व्यक्ति विशेष के साथ और चुने हुए लोगों के साथ परमेश्वर के सम्बन्ध की कहानी एक अंतर्राष्ट्रीय पृष्ठभूमि पर आधारित है जो कई परिवारों, लोगों, और राष्ट्रों के बारे में हैं। जल-प्रलय के बाद, परमेश्वर ने नूह और उसके पुत्रों से कहा,

"कि फूलो-फलो, और बढ़ो, और पृथ्वी में भर जाओ" (9:1); और अध्याय 10 की वंशावली हमें बताती है कि उन्होंने इसके विषय में बहुत अच्छी शुरुआत की। बार-बार, यह पद इन लोगों और राष्ट्रों के अलग होने और फैलने के बारे में बताता है:

> इनके वंश अन्यजातियों के द्वीपों के देशों में ऐसे बंट गए, कि वे भिन्न-भिन्न भाषाओं, कुलों, और जातियों के अनुसार अलग-अलग हो गए ... फिर कनानियों के कुल भी फैल गए (10:5-18)।

आखिरकार, लेखक इस खंड को यह कहते हुए संक्षिप्त करता है कि, "नूह के पुत्रों के घराने ये ही हैं: और उनकी जातियों के अनुसार उनकी वंशावलियां ये ही हैं; और जलप्रलय के पश्चात पृथ्वी भर की जातियां इन्हीं में से हो कर बंट गई" (10:32)। परमेश्वर राष्ट्रों को अलग करने और उनके निवास स्थानों को सीमित करने के द्वारा इतिहास का प्रभु होने के अपने अंतिम उद्देश्य को पूरा करता है।

परमेश्वर ने संसार का निर्माण इस प्रकार किया कि सारी जाति एक ही मानव परिवार से उत्पन्न हो सकें। हालांकि नूह और उसके पुत्र मानव जाति के जन्मदाता थे, और यद्दपि मानवजाति के सारे परिवार अपने वंश का आरम्भ शेम, हाम और येपेत से आरम्भ हुआ देखते हैं, कोई भी राष्ट्र या कुल किसी और जाति पर किसी भी प्रकार की श्रेष्ठता को नहीं दिखा सकते। जबकि कुछ राष्ट्रों ने अन्य राष्ट्रों की तुलना में भौतिक, राजनैतिक, और आर्थिक तौर से काफ़ी अधिक उन्नति की है, फिर भी, इन क्षेत्रों में उनकी सफलता यह साबित नहीं कर पायी कि वे अपनी सफलता के कारण अन्य लोगों से बेहतर हैं या परमेश्वर को अधिक प्रिय हैं (नीति. 22:1, 2)। सांप्रदायिकता परमेश्वर कभी भी नहीं सहता, व्यवस्था के अंतर्गत, परमेश्वर इस्राएल को न सिर्फ़ अपने इब्रानी पड़ोसियों को प्रेम करने की परन्तु "अजनबियों" גֵּר *(गेर)*, जिसका अर्थ "अन्यजाति" या "विदेशी" है, और जो उन्हीं के समान जीवन व्यतीत करते हैं उनको भी प्रेम करने की आज्ञा देता है (लैव्य. 19:18, 33, 34; देखें मत्ती 28:18-20; मरकुस 11:17; प्रेरितों 10:35, 36)।

परमेश्वर दर्शाता है कि मानवीय गर्व और महत्वकांक्षा के स्मारक अपने भीतर ही अपने विनाश के बीजों को रखते हैं। कैनवंशी संस्कृति के संस्थापक थे। उन्होंने नगरों का निर्माण किया और वाद्द यंत्रों, कला, और तांबे तथा लोहे के औज़ारों का निर्माण किया (4:17-22)। हालाँकि, उन्हों ने ऐसे दुखदायी लोगों को भी जन्म दिया जिन्हों ने न केवल अपने साथियों का खून किया परन्तु अपने बुरे कृत्यों में महिमा भी ली (4:23, 24; 6:1-5, 11)।

अध्याय 10 की वंशावली में. केवल निम्रोद के कार्यों को दर्ज किया गया है। उसे "पृथ्वी पर शूरवीर" कहा गया है (10:8), लेकिन उसकी विरासत केवल शिकार और निर्माण के क्षेत्र में ही है। उसने बाबेल (बेबीलोन), नीनवे, और मेसोपोटामियन घाटी के दूसरे नगरों का निर्माण किया जो पुराने नियम के इतिहास में सभी प्रकार के पाप और नृशंसता के लिए प्रख्यात थे। इस अध्याय में

निम्रोद का होना 11:1-9 में बाबेल के मीनार के वर्णन के लिए एक मंच को तैयार करता है। यह इस बात को एक यादगार के रूप में प्रस्तुत करता है कि - तकनीक, नगर, मीनार, और इस प्रकार के निर्माण - अक्सर हमारे गर्व और घमंड के द्वारा अस्तित्व में आते हैं। कोई भी विकास जो सच्चे परमेश्वर और उसकी इच्छा की उपेक्षा करता है वह विनाशकारी और मानवता के लिए नीचा दिखाए जाने का कारण है। इस प्रकार का कार्य विभाजन करने वाला है, 10:25 में पेलेग के विषय में दिया गया कथन, "उसके दिनों में पृथ्वी बंट गई" हमे 11:1-9 के तर्ज पर ठीक इसी तरह तैयार करता है।

सब जातियां (10:5, 20, 31, 32)

एरियोपेगस में खड़े होकर, पौलुस ने एथेने के लोगों को कहा, "[परमेश्वर] उस ने एक ही मूल से मनुष्यों की सब जातियां सारी पृथ्वी पर रहने के लिये बनाईं हैं; और उन के ठहराए हुए समय, और निवास के सिवानों को बान्धा है" (प्रेरितों 17:26)। उसका कथन उत्पत्ति 10:32 को दोहराता है: नूह के पुत्रों के घराने ... से पृथ्वी भर की जातियां इन्हीं में से हो कर बंट गई।

जिस प्रकार सभी लोग एक वंश के हैं, सभी की एक ही आवश्यकता है, इस सार्वजनिकता के विषय में बोलते वक्त, पौलुस मूल रूप से भौतिक ज़रूरतों जैसे, खाना, कपड़े, और घर के बारे में नहीं सोचता। जो बात उसके लिए चिंता का प्रमुख विषय था कि, "वे परमेश्वर को ढूंढें, कदाचित उसे टटोल कर पा जाएं तौभी वह हम में से किसी से दूर नहीं" (प्रेरितों 17:27)।

सभी जातियों को सुसमाचार की आवश्यकता है। मसीह ने अपने चेलों को आज्ञा दी कि, "इसलिये तुम जाकर सब जातियों के लोगों को चेला बनाओ और उन्हें पिता और पुत्र और पवित्रआत्मा के नाम से बपतिस्मा दो" (मत्ती 28:19)। हर व्यक्ति को सुसमाचार सुनने का और मसीह में विश्वास बढ़ाने का, उस विश्वास का अंगीकार करने का और पापों से पश्चाताप करके और क्षमा प्राप्ति के लिए मसीह का बप्तिस्मा लेने के अवसर की आवश्यकता है (प्रेरितों 2:38; रोम. 10:8-14)। क्यों? क्योंकि एक दिन परमेश्वर के सामने न्याय के लिए सभी जाति एकत्रित होंगे (मत्ती 25:32; देखें प्रका. 7:9)।

सभी जातियों को मसीह की आवश्यकता है। सभी ने पाप किया है, इसलिए हर राष्ट्र में लोगों को पाप की मज़दूरी से बचाने की आवश्यकता है (रोम. 3:23; 6:23)। परमेश्वर "वह यह चाहता है, कि सब मनुष्यों का उद्धार हो; और वे सत्य को भली भांति पहचान लें" (1 तीमु. 2:4), और यह केवल मसीह में ही हो सकता है। उसने स्वयं कहा है कि, "मार्ग, सत्य, और जीवन मैं ही हूँ, बिना मेरे द्वारा कोई पिता तक नहीं पहुंच सकता" (यूहन्ना 14:6)। प्रेरितों के काम 4:12 इस बात को दोहराता है कि, "और किसी दूसरे के द्वारा उद्धार नहीं; क्योंकि स्वर्ग के नीचे मनुष्यों में और कोई दूसरा नाम नहीं दिया गया, जिस के द्वारा हम उद्धार पा सकें।" यीशु "ही हमारे पापों का प्रायश्चित्त है: और केवल हमारे ही नहीं, वरन सारे जगत के पापों का भी" (1 यूहन्ना 2:2)।[33]

समाप्ति नोट्स

[1]संख्या "सत्तर" बहुत से महत्वपूर्ण सन्दर्भ में दिखाई देती है: याकूब के परिवार के सत्तर सदस्य मिस्र को गए (46:27); जंगल में घूमते हुए, इस्राएल के सत्तर प्राचीन थे (निर्गमन 24:1); यहूदी लोग सत्तर वर्ष के लिए बेबीलोन की बंधुवाई में गए थे (यिर्म. 25:11, 12; 29:10); और यीशु ने सत्तर चेलों को एक सिमित कार्य सौंपा (लूका 10:1-17)। साथ ही साथ, यरूशलेम के यहूदी महासभा भी सत्तर सदस्यों से बनी थी। (मिशनाह *सैनहेड्रीन* 1.6.) [2]केनेथ ए. मैथ्यूज़, *उत्पत्ति 1-11:26*, द न्यू अमेरिकन कमेन्ट्री, वॉल्यूम 1A (नैशविल: ब्रॉडमैन एंड होलमैन पब्लिशर्स, 1996), 434. [3]डेनियल आई. ब्लाक, "टेबल आफ़ नेशन," इन *द इंटरनेशनल स्टैण्डर्ड बाइबल एनसायक्लोपिडिया*, रेव. एड., एड. जिओफेरी डब्लू.ब्रोमिले (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: विलियम बी. अर्डमेंस पब्लिशिंग कम्पनी, 1988), 4:708. [4]विक्टर पी. हैमिलटन, "מִצְרַיִם," *TWOT* में, 1:523. [5]जैसा की हमने अध्याय 5 में वंशावली देखी, वंशावलियां अकसर चयनात्मक होती थीं। लेखक कई बार केवल ज़्यादा महत्वपूर्ण लोगों का चुनाव करते थे और अकसर नामों को "7" तक या "7" के गुणज तक ही सीमित रखते थे। [6]एलन राल्फ मिल्लार्ड, "मेदेस," न्यू *द इंटरनेशनल स्टैण्डर्ड बाइबल एनसायक्लोपिडिया*, रिवाइज्ड एडिशन, एड. जिओफेरी डब्लू. ब्रोमिले (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: विलियम बी. अर्डमेंस पब्लिशिंग कम्पनी, 1986), 3:297. [7]जोसेफस *एंटीक्वीटीतीस* 1.6.1. [8]के. ए. किचन, "कूश," इन द न्यू बाइबल डिक्शनरी, एड जे.डी. डगलस (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: विलियम बी. अर्डमेंस पब्लिशिंग कम्पनी, 1962), 284. [9]विलियम संफोर्ड लासर, "सबींस." *इंटरनेशनल स्टैण्डर्ड बाइबल एनसायक्लोपीडिया*, 4:255. [10]देखें 2 शमूएल 7:8, 9; 12:7-12; 1 राजा 3:5-14; 11:9-11; 2 इतिहास 36:23; एज्रा 1:1, 2; यशा. 45:1-4; दानिय्येल 2:21, 37; 4:17, 24-33; यूहन्ना 19:10, 11.

[11]यदि निम्रोद बाबेल की मीनार को बनाने में शामिल था, तो वह पहले प्रयास में सफल नहीं हुआ था, क्योंकि परमेश्वर ने उनमे गड़बड़ी डालकर विभिन्न जगहों पर भेज दिया था (11:8, 9)। फिर भी इस आदिम युग में लोग काफ़ी लंबी आयु के थे, फिर भी, वह बाबेल "उसके साम्राज्य का प्रारम्भ" के निर्माण के लिए दोबारा लौटा होगा, जिसमे बाद में दूसरे मेसोपोटामियन नगर भी शामिल थे (10:10-12)। [12]NIV में एक लेख में सूचित है "नीनवे में उसके नगर के चौड़े स्थान।" [13]चार्ल्स टी. फ्रिट्श, "नीनवे," *दी इंटरनेशनल स्टैण्डर्ड बाइबिल इनसाइक्लोपीडिया* में, 3:538-39. [14]यशायाह 66:19 में, "लूद" के स्थान पर NIV में "लीडियन" दिया गया है। लीडियन पश्चिमी एशिया माइनर के निवासी थे। [15]के. ऐ. किचन, "नफ्तुहीम," *दी न्यू बाइबिल डिक्शनरी*, 865. [16]देखें अल्फ्रेड जे. होर्थ, *आर्केयोलोजी ऑफ़ दी ओल्ड टेस्टामेंट* (ग्रैंड रैपिड्स, मीच.: बेकर बुक्स, 1998), 107. [17]जॉर्ज ई. मेंडेनहाल, "एमोरी," *दी एंकर बाइबल डिक्शनरी*, एड. डेविड नोएल फ्रीडमैन (न्यू यॉर्क: डबलडे, 1992), 1:201-2. [18]गॉर्डोन जे. वेन्हम, *उत्पत्ति 1-15*, वर्ड बिब्लिकल कमेंट्री, वॉल्यूम 1 (वाको, टेक्स.: वर्ड बुक्स, 1987), 225. [19]जॉन टी. विलिस, *उत्पत्ति*, दी लिविंग वर्ड कमेन्ट्री (ऑस्टिन, टेक्स.: स्वीट पब्लिशिंग कम्पनी, 1979), 40. [20]वेन्हम, 225-26.

[21]समदर्शी सुसमाचार लेखों में क्षेत्र के लिए अलग अलग शब्दों का प्रयोग पाया जाता है। देखें सेलर्स क्रेन, *मत्ती 1-13*, ट्रूथ फॉर टुडे कमेंट्री (सरसी, आर्क: रिसोर्स पब्लिकेशनस, 2010), 290. [22]LXX के अनुवादक कई बार "होरी" और "हिव्वी" के नाम को लेकर असमंजसपूर्ण स्थिति में थे। यह दो इब्रानी शब्द रेश ר (*resh*) और वाव ו (*vav*) को गलत ढंग से पढ़े जाने के कारण आसानी से हो सकता है, जो एक जैसे दिखाई देते हैं, विशेषकर जब एक लेखक रेश को छोटा कर दे या वाव को लंबा कर दे। [23]देखें ASV; RSV; NRSV; NEB; REB; TEV; NAB; JB; NJB; NJPSV; NCV; CEV; NLT; ESV। [24]हालांकि, "बड़े" को "येपेत" के एवज में "भाई" कहा जा सकता है, शेम को "येपेत का बड़ा भाई" बनाते हुए (NIV)। [25]यू. कस्सुटो, *ए कमेंट्री ऑन दी बुक ऑफ़ जेनेसिस*, पार्ट II, ट्रांस. इस्राएल अब्राहम्स (जेरूसलम: मैगनस प्रेस, 1964), 165. [26]ए. आर. मिल्लार्ड, एलाम, "एलाम वंशी," *दी न्यू बाइबिल डिक्शनरी* में, 355. [27]हो सकता है कि निम्रोद ने

इस क्षेत्र में इसके "अश्शुर" कहलाये जाने से पहले अपने नगरों का निर्माण किया था। इसी रीति से, लेखक ने "अश्शुर" का नाम अपने अदन की वाटिका के वर्णन में किया था (2:14)। [28]जोसिफस, *एंटीक्विटिस* 1.6.4. [29]विक्टर पि. हैमिलटन, *द बुक ऑफ़ जेनेसिस: अध्याय 1-17*, दी न्यू इंटर नेशनल कमेंट्री ऑन दी ओल्ड टेस्टामेंट (ग्रैंड रैपिड्स, मिच.: वम. बी. अड्र्समैन पब्लिशिंग कम्पनी, 1990), 344. [30]वेन्हम, 231.

[31]डब्ल्यू. डब्ल्यू. मुल्लर, "जेरह," *दी एंकर बाइबिल डिक्शनरी* में, 3:683. [32]मैथ्यूस, 464. [33]यह अनुप्रयोग डब्ल्यू. एच. ग्रिफिथ थॉमस, *जेनेसिस: अ डिवोशनल कमेंट्री* (ग्रैंड रैपिड्स, मिच.: वम. बी. अड्र्समैन पब्लिशिंग कम्पनी, 1946), 104-5 पर आधारित है।